बंगाल में ईस्ट इंडिया कम्पनी का विश्लेषण

डॉ० राजेश कुमार

भारत मे अंग्रेजों का आगमन को एक नये युग का सूत्रपात माना जा सकता है। सन् 1600 ई. में कुछ अंग्रेज व्यापारियों ने इंग्लैण्ड की महारानी एलिजाबेथ से, भारत से व्यापार करने की अनुमति ली। इसके लिए उन्होंने ईस्ट इण्डिया कम्पनी नामक एक कम्पनी बनाई। उस समय तक पुर्तगाली यात्रियों ने भारत की यात्रा का समुद्री मार्ग खोज निकाला था। उस मार्ग की जानकारी लेकर तथा व्यापार की तैयारी करके, इंग्लैण्ड से सन् 1608 में 'हेक्टर' नामक एक जहाज भारत के लिए रवाना हुआ। इस जहाज के कैप्टन का नाम हॉकिंस था। हेक्टर नामक जहाज सूरत के बन्दरगाह पर आकर रुका। उस समय सूरत भारत का एक प्रमुख व्यापारिक केन्द्र था।

उस समय भारत पर मुगल बादशाह जहाँगीर का शासन था। हॉकिंस अपने साथ इंग्लैण्ड के बादषाह जेम्स प्रथम का एक पत्र जहाँगीर के नाम लाया था। उसने जहाँगीर के राज–दरबार में स्वयं को राजदूत के रूप में प्रस्तुत किया तथा घुटनों के बल झुककर उसने बादषाह जहाँगीर को सलाम किया। चूंकि वह इंग्लैण्ड के सम्राट का राजदूत बनकर आया था, इसलिए जहाँगीर ने भारतीय परम्परा के अनुरूप अतिथि का विशेष स्वागत किया तथा उसे सम्मान दिया।